क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा /बरेली। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की राजनीतिक जमीन पर मजबूत पकड़ रखने वाले चर्चित नेता गिरधारी पप्पू बिथरी से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बरेली की राजनीति में अपनी मौजूदगी का अहसास कराया। पीलीभीत बाईपास के दिशा गार्डन में उनके बेटे धर्मेन्द्र सिंह



रिंकू साहू ने एक बड़ी सभा बुलाई, जिसमें भारी भीड़ जुटी। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। ऊपरी तौर पर तो यह शुभकामना और मिलन कार्यक्रम था मगर वास्तविकता में यह गिरधारी पप्पू के बिथरी से चुनाव की तैयारी का पहला कदम था। समर्थकों की भारी भीड़ के बीच यह ऐलान किया गया कि गिरधारी पप्पू बिथरी से चुनाव लड़ेंगे मगर पार्टी कौन सी होगी, इसका खुलासा नहीं किया गया।आज साफ हो गया कि राजनीति का चर्चित चेहरा रहे गिरधारी लाल साहू गिरधारी पप्पू अब बरेली की राजनीति में दोबारा लैंड कर रहे हैं। उनकी पत्नी रेखा आर्या उत्तराखंड की भाजपा सरकार में असरदार कैबिनेट मंत्री हैं। गिरधारी पप्पू के बेटे धर्मेन्द्र सिंह रिंकू ने अपने पिता के समर्थन के लिए पीलीभीत बाईपास स्थित अपने दिशा पैलेस में एक बड़ी सभा बुलाई।

# प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन से भक्ति में डूबी नाथनगरी



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। नाथनगरी एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनी, जब एक हजार वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों के दर्शन कर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो गए। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की ओर से त्रिवटी नाथ मंदिर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम श्री श्री रविशंकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसके तहत देशभर में इन पावन अवशेषों को दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। बेंगलुरु स्थित आश्रम से स्वामी भव्य तेज सुबह करीब 9-45 बजे अवशेष लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर द्वार पर नाथ नगरी समिति के पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। करीब 10 बजे विधि-विधान से अभिषेक पूजन शुरू हुआ, जो लगभग एक घंटे तक चला। पूजन के दौरान स्वामी भव्य तेज ने मंच पर उपस्थित महंतों का सम्मान किया और बाद में श्रद्धालुओं को अवशेषों के दर्शन कराए। जैसे ही पूजन थाल में पावन अवशेष रखे गए, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे श्रद्धाभाव से दर्शन किए गए। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े पार्थो कुनार सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रम में मनीष शर्मा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, संजीव औतार अग्रवाल, संचित अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वीडीएस कोऑर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये पावन अवशेष पिछले 100 वर्षों से तमिलनाडु में गुप्त रूप से सुरक्षित रखे गए थे, जिन्हें अब देशभर के श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से होते हुए उत्तर प्रदेश के झांसी, कानपुर, आगरा, मेरठ, मुरादाबाद के बाद बरेली पहुंची है। यह यात्रा भारतीय आध्यात्मिक विरासत, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक बनकर उभर रही है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### अनाथ बच्चों का संबल बनी 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना', मिल रहा पोषण और उज्ज्वल भविष्य

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। कोविड-19 महामारी के बाद अनाथ हुए बच्चों के लिए प्रदेश सरकार सहारा बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत ऐसे बच्चों को न सिर्फ आर्थिक सहायता दी जा रही है, बल्कि उनके शिक्षा, चिकित्सा और भविष्य को भी सुरक्षित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को ?4000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उनका भरण-पोषण सुचारू रूप से हो सके। साथ ही 11 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कक्षा 12 तक की नि:शुल्क शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है।

बालिकाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते हुए सरकार द्वारा शादी योग्य होने पर ?1,01,000 की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। इसके अलावा कक्षा 9 या उससे ऊपर के छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए टेबलेट और लैपटॉप उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 16,061 बच्चों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। वर्तमान वर्ष में 14,214 बच्चों को ?4000 प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है, जबकि अब तक 1003 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए जा चुके हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत उन बच्चों को भी सहायता दी जा रही है, जिन्होंने कोरोना के अलावा अन्य कारणों से अपने माता-पिता या अभिभावकों को खोया है। इस योजना में ?2500 प्रतिमाह की सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक इस श्रेणी में 1,03,430 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है, जबकि वर्तमान में 87,082 बच्चों को इसका लाभ मिल रहा है।

सरकार की यह पहल अनाथ बच्चों के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आई है। यह योजना न केवल उनके वर्तमान को संवार रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर भी कर रही है।

### 10 हजार की रिश्वत लेते खनन विभाग का क्लर्क रंगे हाथ गिरफ्तार

भ्रष्टाचार निवारण टीम की बड़ी कार्रवाई, ट्रैप कर पकड़ा आरोपी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। खनन विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी के लिपिक महमूद रजा खां को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।



बताया जा रहा है कि आरोपी लिपिक ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मुक्त कराने और संबंधित फाइल को जिलाधिकारी कार्यालय भेजने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित देव प्रकाश ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संगठन की टीम ने जाल बिछाया और आज दोपहर करीब 12-52 बजे खनन अधिकारी कार्यालय से आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ किया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बनारस-बरेली एक्सप्रेस से कटकर युवक की दर्दनाक मौत, ऊपरी चक्कर' की चर्चा से मामला संदिग्ध

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली, फरीदपुर । फरीदपुर क्षेत्र में मंगलवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। बनारस से बरेली की ओर आ रही बनारस-बरेली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 27 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा फरीदपुर (पीतांबरपुर) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर सुबह करीब 11ः19 बजे हुआ, जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची, युवक अचानक उसकी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के चलते पीछे से आ रही त्रिवेणी एक्सप्रेस को नवादा फाटक पर करीब एक घंटे तक रोकना पड़ा, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। फरीदपुर कोतवाली प्रभारी राधेश्याम को सूचना दी गई, जिसके बाद स्थानीय पुलिस टीम ने भी मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। मौके पर मौजूद पशु चिकित्सालय के कर्मचारियों की मदद से मृतक की पहचान मुनीश यादव (27) पुत्र अमर सिंह यादव, निवासी मोहल्ला उत्तमगंज पश्चिमी, फतेहगंज पूर्वी के रूप में हुई। बताया गया कि वह हाल ही में पशु चिकित्सालय में नियुक्त हुआ था और परिवार का मुख्य सहारा था। सूत्रों के अनुसार, मृतक पिछले कुछ समय से अपने साथियों से मानसिक परेशानी और ऊपरी चक्कर जैसी बातों का जिक्र कर रहा था। इस खुलासे के बाद घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं, जिससे मामला संदिग्ध हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे एक भाई, एक बहन, पत्नी और करीब तीन साल का मासूम बेटा छोड़ गया है। फिलहाल रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह हादसा था या इसके पीछे कोई और वजह छिपी है।



# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर खास : स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों और विज्ञान के साथ खड़े हों थीम के साथ जागरूकता अभियान, एचपीवी टीकाकरण पर रहेगा जोर

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज मंगलवार को जनपद बरेली में स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों और विज्ञान के साथ खड़े हों जिसके तहत विशेष रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण पर जोर दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस बार की थीम समाज को यह संदेश देती है कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और रोगों से बचाव केवल विज्ञान और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि चाहे एचपीवी टीकाकरण हो, टीबी नियंत्रण हो या अन्य बीमारियों की रोकथाम-विज्ञान हमेशा सुरक्षित और प्रमाणिक रास्ता दिखाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्कूलों में निबंध, पोस्टर, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों और किशोरों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। सीएमओ ने बताया कि पिछले 100 वर्षों में वैज्ञानिक नवाचारों से स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा सुधार हुआ है। भविष्य में वन हेल्थ दृष्टिकोण-जिसमें इंसान, पशु, पौधे और पर्यावरण सभी शामिल हैं-के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। प्लेग, पोलियो, नवजात टिटनेस और स्मॉलपॉक्स जैसी बीमारियों पर नियंत्रण विज्ञान की ही देन है। हाल ही में कोविड-19 जैसी महामारी को भी टीकाकरण के माध्यम से प्रभावी रूप से नियंत्रित किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सभी सीएचसी और कोल्ड चेन पॉइंट्स पर एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 14 वर्षीय किशोरियों का टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके। स्वास्थ्य विभाग ने जनमानस से अपील की है कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें, अपने अनुभव साझा करें और विज्ञान आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को अपनाकर एक सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल समाज के निर्माण में अवश्य सहयोग दें।



# शिवम गैस एजेंसी पर एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, उपभोक्ताओं ने खोली सिलिंडर वितरण की पोल

बहेड़ी की एसडीएम इशिता किशोर ने सोमवार को शेरगढ़ में शिवम गैस एजेंसी पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां मौजूद उपभोक्ताओं ने सिलिंडर वितरण की पोल खोल दी। इस पर एसडीएम ने एजेंसी संचालक को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिएबरेली के शेरगढ़ में शिवम गैस एजेंसी पर सोमवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बहेड़ी इशिता किशोर ने औचक निरीक्षण किया, जिससे एजेंसी कर्मियों में खलबली मच गई। निरीक्षण के दौरान एजेंसी की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई और मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं ने शिकायतों की झड़ी लगा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना के ही गैस सिलिंडरों की डिलीवरी कर दी गई है, जिससे उन्हें गैस नहीं दी जा रही है। उपभोक्ताओं ने यह भी शिकायत की कि एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा नहीं दी जा रही है, जिससे उन्हें स्वयं एजेंसी तक आकर सुबह से ही लाइन में लगना पड़ रहा है।कर्मचारी नहीं दे सके संतोषजनक जवाब -शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम इशिता किशोर ने एजेंसी कर्मचारियों से होम डिलीवरी की व्यवस्था की जानकारी मांगी और समय सारिणी रजिस्टर प्रस्तुत करने को कहा। इस पर कर्मचारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और न ही संबंधित रजिस्टर दिखा पाए। इस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी और तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगरिया खुर्द के तौकीर अहमद और भाजपा नेता राघवेंद्र पाठक भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं से एसडीएम को अवगत कराया। एजेंसी से 100 मीटर हो रहा था सिलिंडर का वितरण - इसके बाद एसडीएम ने गैस एजेंसी से करीब 100 मीटर दूर शाही-शेरगढ़-बहेडी मार्ग पर मंदिर के पास सड़क किनारे हो रहे गैस सिलिंडरों के वितरण को भी देखा। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए उन्होंने मौके पर ही कड़ी फटकार लगाई और तत्काल उस व्यवस्था को बंद कराकर एजेंसी परिसर से ही वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। एसडीएम इशिता किशोर ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई हैं, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




# अग्निकांड में जलीं किताबें: पढ़ लिखकर डॉक्टर बनना चाहती है सावित्री, पूर्व सीएम अखिलेश ने ली जिम्मेदारी

अपने जले हुए घर में स्कूल का बस्ता और किताबें खो देने वाली आठ साल की सावित्री पढ़-लिखकर डॉक्टर बनना चाहती है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उसकी पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है।सीतापुर जिले के सदरपुर के सरैंया चलांकापुर गांव में शनिवार को हुए भीषण अग्निकांड में कई परिवारों की खुशियां जलकर राख हो गई थीं।उसी में सरैंया गांव निवासी हरिश्चंद्र की 8 वर्षीया पुत्री सावित्री का पूरा बस्ता आग में स्वाहा हो गया था। अगले दिन सुबह जब लोग अपने घरों का जला अधजला सामान निकाल रहे थे इसी बीच सावित्री भी अपने जले हुए बस्ते से अधजली किताब पर पेंसिल से होमवर्क करने लगी।उस अबोध को क्या पता कि उसके घर की गृहस्थी जल गई है।इसी बीच घर के पास मौजूद किसी व्यक्ति ने उसका फोटो खींचकर फेसबुक पर अपलोड कर दिया। जिसे देखकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस बच्ची की आगे की पूरी पढ़ाई का जिम्मा अपने ऊपर लेते हुए टिप्पणी की थी।एजेंसी की टीम सावित्री के घर पहुंची। सावित्री ने बताया कि वह गांव के प्राइमरी स्कूल में कक्षा 4 की छात्रा है। वह रोज पढ़ने जाती थी और खूब मेहनत से पढ़ाई करती थी लेकिन उसकी किताबें जल गईं। हालांकि उसे नई किताबें मिल गई हैं। उसने बताया कि मैं पढ़ लिख कर डाक्टर बनना चाहती हूं। लड़के लड़की में भेद नहीं करता हूँ हरिश्चंद्र- सावित्री के पिता हरिश्चन्द्र व माता संगीता ने बताया कि वह बहुत गरीब हैं। उनके पास मात्र 15 बिसुवा जमीन है जिससे वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। हरिश्चंद्र के परिवार में सावित्री के अलावा एक 4 वर्ष की बेटी सीमा व 3 वर्ष का एक बेटा दिपांशु है। हरिश्चंद्र कहते हैं कि मैं लड़का और लड़की में भेद नहीं करना चाहता था। इसलिए मैं गरीब होने के बावजूद अपनी बेटी सावित्री को पढ़ा-लिखा कर अफसर बनाना चाहता हूं। इस समय परिवार में गमी है और चूल्हा भी नष्ट हो चुका है इसलिए अभी भोजन घर में नहीं बन पा रहा है। फिलहाल गांव, पास पड़ोस के संभ्रांत लोगों व ग्राम प्रधान द्वारा भोजन की व्यवस्था की जा रही है। सरकार तथा अन्य प्रतिनिधियों द्वारा भी राशन उपलब्ध कराया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तमंचे के साथ फरार आरोपी गिरफ्तार, फायरिंग में महिला हुई थी घायल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना बिथरी चैनपुर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 178/26 से संबंधित वांछित अभियुक्त अमित कुमार को पुरनापुर नहर मार्ग से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 352, 351(3), 109(1) बीएनएस तथा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पूछताछ में आरोपी अमित कुमार ने बताया कि उसकी बहन को पुष्पेंद्र नामक युवक भगा कर ले गया था, जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते 05 अप्रैल को उसने विनोद उर्फ बंटू पर जान से मारने की नीयत से फायर किया, लेकिन गोली पास में खड़ी एक महिला को लग गई, जिससे वह घायल हो गई। मैंने पुरानी रंजिश के चलते फायर किया था, बाकी बात कोर्ट में बताऊंगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा, उपनिरीक्षक इंतजार हुसैन, और कांस्टेबल आकाश कुमार की अहम भूमिका रही। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है।



### एक और पत्नी का कत्ल: नग्न मिली एकता की लाश, हत्या के बाद पति पहुंच गया नशा मुक्ति केंद्र; दूधवाले ने खोला राज

हत्या की यह वारदात सिविल लाइंस की शिव विहार कॉलोनी की है। मेरठ जिले के मवाना तहसील के ग्राम खटीना निवासी राहुल की मुजफ्फरनगर के खतौली थाना क्षेत्र के भैंसी गांव निवासी पत्नी एकता उर्फ पूजा चमरौवा ब्लॉक के ठाकुरद्वारा स्थित परिषदीय स्कूल में शिक्षिका के पद पर तैनात थीं।यूपी के रामपुर स्थित सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के शिव विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाली परिषदीय स्कूल में तैनात शिक्षिका की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्या की यह वारदात सामने आने के बाद शक के दायरे में आए शिक्षिका के पति को पुलिस ने मेरठ के नशा मुक्ति केंद्र से हिरासत में ले लिया। निर्वस्त्र मिली थी पत्नी की लाश

पुलिस का कहना है कि हत्या के बाद आरोपी पति मेरठ के नशा मुक्ति केंद्र में चला गया था। पुलिस के सामने आरोपी ने हत्या की बात को कबूल कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। घटना के बाद हड़कंप मचा हुआ है। शिक्षिका का शव उनके ही कमरे में निर्वस्त्र हालत में पाए जाने के बाद पुलिस हरकत में आई।परिषदीय स्कूल में शिक्षिका थीं एकता

हत्या की यह वारदात सिविल लाइंस की शिव विहार कॉलोनी की है। मेरठ जिले के मवाना तहसील के ग्राम खटीना निवासी राहुल की मुजफ्फरनगर के खतौली थाना क्षेत्र के भैंसी गांव निवासी पत्नी एकता उर्फ पूजा चमरौवा ब्लॉक के ठाकुरद्वारा स्थित परिषदीय स्कूल में शिक्षिका के पद पर तैनात थीं। करीब दो साल पहले वह अपने पति व बच्चे के साथ शिव विहार कॉलोनी में सुभाष कुमार के मकान में किराए पर रहती थीं। दूध वाले के पहुंचे पर हुआ खुलासा- कॉलोनी के लोगों के अनुसार सोमवार की सुबह दूध वाला आया और उसने कई आवाजें दीं लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। जिस पर दूध वाले ने मकान मालिक को मामले की जानकारी दी। बताते हैं कि फिर मकान मालिक ने कुछ लोगों के साथ खिड़की से झांककर देखा तो एकता का शव निर्वस्त्र हालत में पड़ा था। जिस पर उसने शोर मचाकर पड़ोसियों को सूचना दी। कुछ देर में ही मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। किसी तरह से अंदर जाकर पुलिस ने शव को ढंका और स्थानीय लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी। नशा मुक्ति केंद्र से पति गिरफ्तार- इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की सूचना पर एकता के ससुराली व मायके वाले भी आ गए। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। बताया कि आरोपी के पति को मेरठ के नशा मुक्ति केंद्र से हिरासत में लिया गया है। हत्या की वजह पता की जा रही है। अभी मामले की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जा रहा है। पुलिस ने कमरा किया सील- घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और फिर फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद किराए वाले कमरे को सील कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# जिले में पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने हेतु अपील, गैसीफाइड क्षेत्रों में एलपीजी सरेंडर अनिवार्य

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी,जिले में स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस संबंध में जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि जहां पीएनजी पाइपलाइन का विस्तार हो चुका है, वहां के निवासी एलपीजी गैस के स्थान पर पीएनजी कनेक्शन अपनाएं। शासन के निर्देशानुसार गैसीफाइड क्षेत्रों में निवासरत उपभोक्ताओं को 90 दिवस के भीतर अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना अनिवार्य होगा। पीएनजी कनेक्शन हेतु आवेदन अधिकृत कंपनी थिंक गैस के माध्यम से किया जा सकता है। पीएनजी गैस के उपयोग के कई लाभ हैं। यह एलपीजी की तुलना में अधिक किफायती है, इसमें बुकिंग की आवश्यकता नहीं होती, 24 घंटे सतत आपूर्ति उपलब्ध रहती है तथा यह अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित भी है। जिन क्षेत्रों में पीएनजी का विस्तार किया गया है, वहां आवासीय विश्वविद्यालयों, स्कूलों एवं कॉलेजों के कम्युनिटी किचन, निजी हॉस्टल एवं आंगनवाड़ी किचन में पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही बड़े होटल, मैरिज गार्डन एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी पीएनजी का उपयोग सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। जिले में सिटी गैस नेटवर्क के संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। साथ ही संबंधित कंपनी को व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बैनर, पोस्टर एवं पम्पलेट आदि के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# कलेक्टर ने शासकीय सेवकों के लिए आयोजित द्वितीय चरण के AI प्रशिक्षण को संबोधित किया






क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा- जिला प्रशासन द्वारा शासकीय सेवकों को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ϵ्व) प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित किया गया था।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा है कि शासकीय कार्यों में दक्षता, पारदर्शिता और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अपने-अपने विभागों से संबंधित इंजीनियर, उपयंत्री, सहायक यंत्री, एमआईएस कोऑर्डिनेटर, प्रोग्रामर, सहायक ई-गवर्नेंस मैनेजर तथा विभिन्न रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारियों, कर्मचारी इस प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को आत्मसात करें और बार-बार प्रेक्टिकल कर एआई से सम्पादित कराए जाने वाले कार्यो में निपुण हो। उन्होंने एआई टूल्स के उपयोग को सीखकर सतत उपयोग के लिए निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सरकारी कार्यो को सुव्यवस्थित रूप से अल्प अवधि में आधुनिक तौर तरीके से संपादित कराने में इस अवसर का लाभ उठाएं। मध्यप्रदेश शासन द्वारा एआई को नागरिक केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित किया गया है जिससे शिक्षा स्वास्थ्य पोषण सहित सभी क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यों में आधुनिकता लाई जा सके। एआई को अपनाकर सभी अपने कार्य को स्मार्ट बनने के लिए प्रयासरत रहें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से संवाद भी किया इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि एआई प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में ट्रेनर द्वारा बारीकी से एआई टूल्स की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। सभी अधिकारी, कर्मचारियों सहित अन्य को एआई टूल्स की बारीकियों को समझने में परेशानी आए तो तुरंत ट्रेनर से संवाद कर अपनी दिक्कतों को हल करें।

सीपीसी एनालिटिक्स के पार्टनर और सह संस्थापक पुणे से आए श्री ओंकार साठे के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को चेटजीपीटी से शासकीय कार्यो को कैसे और अधिक सरल सटीक व अल्प समय मंॅ पूरा करें की प्रायोगिक जानकारियां दी जाए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए ई-दक्ष ट्रेनर श्री चंद्रजीत रघुवंशी को समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।


उक्त प्रशिक्षण में विभिन्न विभागो के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों के अलावा कार्यपालन यंत्री सहित उनके कार्यालयीन अधीनस्थ मौजूद रहे।

# मानव धर्म के गुरु श्री सतपाल जी महाराज जी की माता राजराजेश्वरी देवी जन्म जयंती पर मरीज को किया फल वितरण



क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद- मानव धर्म के गुरु श्री सतपाल जी महाराज जी की माता राजराजेश्वरी देवी जन्म जयंती पर मरीज को किया फल वितरण डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के विभिन्न वार्डों भर्ती मरीजों को किया गया फल वितरण मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम नेकपुर कला इटावा बरेली मशीनी चौराहा आश्रम रोड फर्रुखाबाद शाखा के कार्यकर्ताओं व भक्त लोग एवं महात्मा रोशनी बाई जी ने बताया की हर वर्ष 6 अप्रैल को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती मरीजों को संस्था की ओर से फलों का वितरण किया जात है फलों का वितरण होने के बाद भजन कीर्तन का भी आनंद लिया संस्था को डॉक्टरों ने फल वितरण करने में सहयोग प्रदान किय इस मौके ,ष्टरू्ह डा जगमोहन शर्मा,जिला प्रधान सुनील फौजी ,सुशील कुमार , राधेश्याम, गीत गुप्ता, सुनीता यादव, हरीराम, जयसिंह ,सीमा , अभिलाषा, नरेश, सत्य प्रकाश,उदयपाल, विमलेश आदी लोग मौजूद रहे

# मुरादाबाद वार्ड 49 दीवान का बाजार में स्मार्ट सिटी के दावों की खुली पोल



क्यूँ न लिखूँ सच / सिकंदर राजा / मुरादाबाद। शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के दावों के बीच काजी टोला वार्ड 49 स्थित दीवान का बाजार क्षेत्र की हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है। ताजा तस्वीर ने नगर निगम और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में सड़कों की स्थिति इतनी खराब है कि आए दिन हादसे हो रहे हैं। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि एक लोडिंग वाहन टूटी सड़क और जलभराव के कारण असंतुलित होकर नाले में धंस गया। गली संकरी होने के साथ-साथ जगह-जगह गड्ढे और टूटी नालियां लोगों के लिए खतरा बनी हुई हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर सिर्फ कागजी काम हुआ है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बद से बदतर हैं। क्षेत्र में नालियों की सफाई नहीं होती, कूड़े के ढेर लगे रहते हैं और जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। बारिश या पानी भरने की स्थिति में गंदगी और बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो जाता है। निवासियों का कहना है कि कई बार नगर निगम और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा यह है कि छोटे-छोटे वाहन तक सुरक्षित नहीं निकल पाते और बड़े हादसों का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय व्यापारियों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि खराब सड़क और गंदगी के कारण ग्राहक क्षेत्र में आने से कतराते हैं, जिससे उनके व्यापार पर भी असर पड़ रहा है।जनता ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण, नाली सुधार और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके और इस तरह के हादसों पर रोक लग सके।

मुख्य समस्याएंःटूटी और जर्जर सड़कें नालियों का ओवरफ्लो और गंदगी जलभराव की गंभीर समस्या आए दिन हो रहे छोटे-बड़े हादसे नगर निगम की लापरवाही जनता की मांगः तत्काल सड़क और नाली का निर्माण नियमित सफाई व्यवस्था जल निकासी की उचित व्यवस्था जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# पोहरी में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित, युवाओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जन अभियान परिषद विकासखंड पोहरी के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खोदा द्वारा आपदा प्रबंधन संस्थान (डेप्प्ड), भोपाल के सहयोग से युवा



एवं नारी शक्ति उन्मुखीकरण एवं आपदा प्रतिरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन अभियान परिषद् के प्रशिक्षक एवं आपदा ट्रेनर मेंटर संदीप व्यास द्वारा प्रतिभागियों को बाढ़, भूकंप, अग्निकांड, ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि जैसी विभिन्न आपदाओं से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आपदा से पूर्व सतर्कता, सुरक्षित स्थानों की पहचान तथा समय पर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर मेंटर ब्रजेश शर्मा ने जन अभियान परिषद की गतिविधियों की जानकारी देते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में जल संरचनाओं की मरम्मत एवं स्वच्छता के कार्यों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, जिससे वर्तमान एवं भविष्य दोनों पीढ़ियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि श्री सुरेंद्र धाकड़, प्रस्फुटन समिति सदस्य श्री हक्के रावत सहित अन्य सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला।

# मंत्री का डाउन फाल शुरू, दबाव बनाकर मंत्री करा रहे काम, दिशा की बैठक के बाद विधायकों ने उठाई तख्तियां

यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का बिना नाम लिए हरचंदपुर विधायक ने कहा कि जिले के अधिकारी एक मंत्री के इशारे पर




काम कर रहे हैं। टेंडर तक नहीं डालने देते। यदि कोई टेंडर डाल भी देता है तो उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी जाती हैं। दिशा की बैठक के बाद सपा विधायक ने प्रदेश सरकार और अधिकारियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी और बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताया।मंत्री का बिना नाम लिए हरचंदपुर विधायक ने कहा कि जिले के अधिकारी एक मंत्री के इशारे पर काम कर रहे हैं। टेंडर तक नहीं डालने देते। यदि कोई टेंडर डाल भी देता है तो उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी जाती हैं। दबाव बनाकर टेंडरों को निरस्त करा दिया जाता है।हरचंदपुर विधायक ने दावे के साथ कहा कि यहां कि मंत्री का डाउन फाल शुरू हो गया है। एक दिन इतना डाउन फाल हो जाएगा कि मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे। विधायक ने कहा कि अधिकारियों की अनसुनी का ही नतीजा है कि बीजेपी के एक भी विधायक दिशा की बैठक में शामिल होने के लिए नहीं आए।

उन्हें पता है कि दिशा की बैठक बात सुनने का भरोसा देने वाले अधिकारी बाद में सीधे मुंह बात तक नहीं करते हैं। विधायकों का प्रदर्शन देखते अमेठी के सांसद केएल शर्मा भी उनके पास पहुंच गए और उनकी समस्याओं को सुना। बछरावां विधायक ने उनके क्षेत्र में सांसद निधि से काम करवाने का अनुरोध किया। सांसद से कहा कि कार्यों की सूची उपलब्ध कराएं। प्राथमिकता पर उन्हें कराया जाएगा।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# कोर्ट से लौट रहे बाइक सवार बाबा-नाती को अज्ञात वाहन ने रौंदा, दोनों की मौत; ग्रामीणों ने जाम किया हाईवे

बाबा-नाती की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने हाईवे जाम कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण देख अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन देकर बमुश्किल जाम खुलवाया, जिसके भेजा गया।फिरोजाबाद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के के पास सोमवार को सड़क हादसे में बाबा और ने इसे महज एक दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए लोगों पर साजिश के तहत हत्या करने का पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।ग्राम (79) और उनका नाती विवेक (24) पुत्र राजकुमार दबरई में एक मुकदमे की तारीख पर गए थे। दोपहर थे, तभी सोथरा रोड पर नगला इमलिया मोड़ के बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विवेक राजन सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के जाम, मौके पर पहुंचे अफसर- हादसे की खबर पड़ा और उन्होंने हाईवे जाम कर दिया। स्थिति अनिवेश कुमार, एसडीएम धर्मवीर भारती और थाना



बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए अरांव रोड स्थित इमलिया ओवरब्रिज नाती की मौत हो गई। पीड़ित परिजन परिवार के ही सदस्यों और अन्य सनसनीखेज आरोप लगाया है। नगला धीर निवासी राजन सिंह सोमवार सुबह जिला मुख्यालय में जब वे बाइक से वापस लौट रहे पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दौरान दम तोड़ दिया।हाईवे पर लगा मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट तनावपूर्ण देख सीओ सिरसागंज प्रभारी वैभव प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन देकर बमुश्किल जाम खुलवाया, जिसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। 11 बीघा जमीन का विवाद और हत्या की साजिश का आरोप- मृतक के नाती तेजस यादव ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि परिवार के ही तीन भाइयों ने राजन सिंह की 11 बीघा जमीन का करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये में फर्जी बैनामा कर दिया था। जालसाजी का पता चलने पर राजन सिंह ने कोर्ट के माध्यम से आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी पैरवी के लिए वे दबरई गए थे। आरोप है कि विपक्षी पक्ष लगातार राजन सिंह को जान से मारने की धमकी दे रहा था और सोमवार को हादसे के बहाने उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस की जांच में ट्रक की नंबर प्लेट मिली-थाना प्रभारी वैभव प्रताप सिंह ने बताया कि मौके से एक संदिग्ध ट्रक की नंबर प्लेट बरामद हुई है। पुलिस टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान हो सके। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर और हत्या के आरोपों के आधार पर पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# Be sure to teach your son these 5 habits so your upbringing isn't questioned.

For a good upbringing, it's crucial to teach sons respect, responsibility, and sensitivity. Teaching them household chores, respect for women, and proper behavior is crucial. Society often focuses on raising daughters, how they should live, what they should wear, and how they should behave. But have you ever considered that raising sons is just as responsible? A good society can only be built when boys are taught proper values, respect, and responsibility from childhood. In today's times, it's crucial that we don't limit our sons to just studies and careers, but also teach them to be good human beings. It's crucial to teach them how important it is to respect women, understand others' feelings, and be responsible towards society. If right habits and thinking are developed from childhood, that child will grow into a sensitive and responsible citizen. In this article, we'll share five essential things every parent should teach their son, so they don't question their upbringing in the future. Respect women: Teach your son from childhood that it's important to respect every woman, whether at home or outside. This habit makes him a good person. Helping with household chores: It's important to teach boys that household chores aren't solely women's responsibility. Teach them to do small tasks like cleaning their room and putting away the dishes. Teach them to express their emotions: Boys are often told that boys don't cry, which is wrong. Teach them to express their feelings openly. Be empathetic towards others: Develop a child's habit of understanding and helping others' feelings. This helps them become sensitive. Explain the difference between right and wrong: It's important to teach your son what is right and what is wrong. Teach him to take responsibility for his own decisions.



# Do you also have many questions about the census? Find answers to all the important questions here.

The first phase of India's 16th Census has officially begun on April 1, 2026. This is the country's first fully digital census, using a mobile app. Let's learn some important information related to this. Preparations have once again begun in India for a nationwide census, which is crucial for planning the future and development of every citizen. Many people wonder why the census is conducted and what questions are asked. Simply put, the census is not just a headcount, but a way to inform the government about whether you have access to amenities like electricity, water, housing, and the internet. For the first time, a mobile app will be used extensively in this census, enabling quick and accurate data collection. Under the Census Act of 1948, it is mandatory for every household to participate and provide accurate information. It also fully protects your privacy, as your personal information is not shared with anyone. Let's find answers to some important questions related to this census. Is it mandatory to participate in the census and answer the questions? Yes, it is legally mandatory for every citizen of the country to participate. Under the Census Act of 1948, the head of every household is required to provide accurate information about themselves and their family. The information you provide helps the government decide on the construction of schools, hospitals, and roads in your area. Do I need to show any paper or document to the census officer? You are not required to show any written proof or document during the census. The officer will only record what you say; you are not required to show your Aadhaar or voter card. This entire process relies on your verbal information and your trust. Although you are not required to produce documents, you are still expected to provide completely accurate and authentic information. What information will you be asked for during the census? The 2027 Census will primarily be completed in two phases, in which you will be asked about your household and family status. The first phase will ask about your house's condition, drinking water, toilet, electricity, and cooking fuel (gas). You may be asked if you own a radio, TV, computer, bicycle, two-wheeler, or four-wheeler, and internet access. The second phase will collect information about family members' age, education, occupation (employment), and marital status. Will my personal information be kept confidential and secure? Yes, the government is very strict about your privacy, and the law protects your information. Under Section 15 of the Census Act, your personal information is kept completely confidential. Your name or personal address is not shared with anyone; only aggregate data for the village or district is used to prepare the report. Since it is a digital census, all data is stored on secure government servers, making it impossible to leak. When and where will the 2027 Census data be available? After the census is complete, the government releases this data to the public in a phased manner. Preliminary population figures are released within a few months of completion. Detailed information and reports on different categories are released in subsequent phases. You can easily access these data by visiting the official Census of India website - www.censusindia.gov.in. Language and religion questions asked in the census: To understand the true structure of society, you will also be asked about your culture and identity. You may be asked what language you speak at home and how many languages ??you know. Information about your family's religion will be collected to generate data on cultural diversity. If you have left your original village and are living elsewhere, you may be asked about your previous residence and the reason for migration. What is the entire process of Census 2027? The census process is very systematic and can be understood in these steps. Step 1 (House Listing) - First, officials will visit your home, enter the house number, and take details of the amenities in the house. Step 2 (Population Census) - In the second step, every member of the household will be counted, in which information about their education, age, and work will be entered on the app. Step 3 (Self-Enumeration) - This time, you may also have the option to enter the information online yourself. Step 4 (Data Processing) - After all the information is collected, it is verified and counted through a computer. Step 5 (Publication) - Finally, the government makes the report of the total population and amenities of the country public, which helps in making future plans.



# These 4 bad habits are slowly causing your teeth to decay.

Everyone needs to understand that some of our own habits can gradually lead to tooth decay. Teeth are one of the most important parts of our body. Strong and healthy teeth not only help us eat and drink, but also enhance our smile. However, did you know that sometimes our everyday habits can cause tooth decay and cavities? Many people ignore this, but if timely precautions are not taken, this problem can become serious. In this article, we will tell you about four common mistakes that gradually lead to tooth decay and how you can change them to keep your smile healthy. Eating too much sweets - Sugary foods like cakes, chocolate, candy, and sweetened drinks encourage bacteria in the teeth. These bacteria convert sugar into acid, which gradually erodes tooth enamel. This mistake of yours causes cavities. If you don't brush or use mouthwash after eating sweets, this problem can worsen. Therefore, be sure to brush or use mouthwash after eating sweets. Not brushing on time - It is very important to brush at least twice daily. If you don't brush your teeth morning and night, plaque and tartar accumulate on your teeth. Plaque becomes a breeding ground for bacteria, increasing the risk of gum inflammation, bad breath, and cavities. Therefore, brush twice a day. Not flossing - Small pieces of food get stuck between your teeth, where the brush can't reach. If you don't floss regularly, bacteria grow in these areas, leading to tooth decay. Flossing keeps the spaces between your teeth clean and reduces gum inflammation. Therefore, be sure to floss after eating anything. Excessive consumption of cold drinks and soda - Acidic and sugar-rich beverages like soda, cold drinks, and energy drinks weaken tooth enamel. This can lead to early tooth decay and sensitivity, and can also increase inflammation in the gums and mouth.



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मनोरंजन

www.knlslive.com

07 April 2026



# "Very happy"; Mukesh Rishi reacts to the bill proposing 33% reservation for women in Parliament

**Popular actor Mukesh Rishi has supported the proposed 33% reservation for women in Parliament. Ahead of the upcoming special session of Parliament, he described it as a very good step**




towards greater female representation. The central government has taken a major step to implement the Women's Reservation Act as soon as possible. The Parliamentary session convened on April 16th is set to introduce an amendment bill related to the Women's Reservation Act. The government wants to legally implement 33% women's reservation by the 2029 Lok Sabha elections. Recently, actor Mukesh Rishi reacted to this and praised it, saying, "Finally, we have reached this milestone." Speaking to news agency ANI, Mukesh Rishi supported the proposed 33% reservation for women in Parliament. He expressed happiness, calling it a major achievement achieved after years of hard work. The actor said, "It's a matter of great joy. We've been trying for many years, and even though it took time, we've finally reached this point. What was destined to happen is happening now." Mukesh Rishi emphasized that women have consistently excelled in every field. He said, "I'm very happy that 33 percent reservation for women is being implemented. I have no doubt that women are working in every field. Be it medicine, sports, the military, or aviation. They are excelling in everything." Addressing social perception, he added, "There was only one limitation, and that was the notion that they couldn't go beyond a certain level." "Women can achieve anything" - he added, "It took time for society to understand that women can achieve anything." The actor also spoke about the achievements of women in sports, saying that their success brings pride to the country. Mukesh Rishi also emphasized the role of education and competence in political participation. He said, "Education plays a very important role in politics. Today, women are educated and capable. They have no lack of knowledge or understanding."

# Did Vignesh have a problem with the fame of South Indian superstar Nayanthara? He said, "In a relationship like husband and wife..."

**Vignesh, the husband of renowned South Indian director and actress Nayanthara, recently spoke openly about their relationship. How has Nayanthara's fame affected his life? Find out.**



Nayanthara and Vignesh have been married for five years and have two sons. Recently, director Vignesh spoke about Nayanthara's popularity. He also explained how this fame has affected his life. Has it ever made him insecure? Find out what Vignesh said. Vignesh said that there is no concept of dominance in relationships. Director Vignesh's film, "Love Insurance Company," is soon to be released. For this film, he gave an interview on radio personality Gobinath's YouTube channel. In this interview, he talks about his wife Nayanthara. He categorically denies that Nayanthara's career and fame overshadow him. He says, "It's nothing like that. When we think like that, we can't move forward in life." There's no concept of 'dominance' in relationships like father-son, brothers, or husband-wife." When Nayanthara's fame helped Vignesh out of trouble In an interview, Vignesh shared a funny story. He explains that Nayanthara's popularity helped him out of a difficult situation. He recalls that one day he stopped at a roadside juice shop and had no means of payment. But the shopkeeper recognized him and affectionately addressed him as Nayanthara's husband, letting him go without paying. Vignesh says, "I called Nayanthara and told her how she saved me." He adds, "I feel happy when people recognize me by my wife's name. I also feel good when I'm recognized as the father of my children. There's no jealousy or ego involved. It's our love." Vignesh fell in love with Nayanthara on the sets of the film - Vignesh Shivan and Vignesh and Nayanthara worked together in the 2015 film "Naanum Rowdy Dhaan." They dated during this time. They got engaged in 2021 and married in 2022. Nayanthara later had twin sons through surrogacy. Today, Vignesh and Nayanthara are living a happy life.

# Paresh Rawal denies rumors of a delay in "Hera Pheri 3"; says, "I will start shooting soon."

**Actor Paresh Rawal is currently in the news for his film "Bhoot Bangla." Meanwhile, he shared an update on the film. Audiences are excited about "Hera Pheri 3." As fans eagerly await**



the film, rumors keep circulating. Recently, reports surfaced that the film would be delayed. However, Paresh Rawal has now addressed the matter and completely dismissed such rumors. He also provided an update on the film's shooting. Shooting will begin soon - Paresh Rawal recently dismissed rumors of a delay in "Hera Pheri 3" during the promotion of his upcoming film "Bhoot Bangla." He confirmed that the eagerly awaited sequel will definitely happen. Speaking to Money Control, the actor said, "Don't worry about anything. 'Hera Pheri 3' is coming. I'll start shooting it soon." When will 'Bhoot Bangla' release? - The film was announced last year. 'Hera Pheri 3' has been in the news ever since. There were rumors that Paresh Rawal had left the project, but now he has rejoined the franchise. After Paresh Rawal left 'Hera Pheri 3', news spread that Akshay had filed a 25 crore rupee damages lawsuit against him. He resolved the matter in a timely manner, forcing Akshay to withdraw the case. Speaking of 'Bhoot Bangla,' the film is scheduled to release in theaters on April 16th. Akshay Kumar plays the lead role. 'Bhoot Bangla' is a horror-comedy film directed by Priyadarshan. Akshay and Priyadarshan have collaborated together after 14 years. Apart from Akshay Kumar, Tabu, Paresh Rawal, Rajpal Yadav, Asrani, Mithila Palkar and Vamika Gabbi are in lead roles in the film.